अति–आवश्यक

राजस्थान पैरा मेडिकल कौंसिल, जयपुर

प्लॉट नं 6–7, एवरेस्ट कॉलोनी, अपेक्स मॉल के पास, लाल कोठी, टोंक रोड., जयपुर–302015
फोन : 0141–4004914 **Website:** www.rajasthanparamedicalcouncil.org

क्रमांकः– प. 13 ( )/काउ.(सत्र 2020–21)/रा.पै.मेडि.कौं/2021/01 **दिनांकः**– 06/01/22

प्रधानाचार्य,
संबंद्ध समस्त पैरामेडिकल महाविद्यालय/संस्थान,
राजस्थान।

विषय : प्रशिक्षण सत्र 2020–21 में विभिन्न पैरामेडिकल डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में तीन चरणों की काउन्सलिंग के पश्चात् रिक्त रही सीटों पर प्रवेश के संबंध में जारी दिशा–निर्देश।

सन्दर्भः– इस कार्यालय के पत्रांक 168 दिनांक 31.12.2021 के क्रम में।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत एवं सन्दर्भित पत्र के संबंध में लेख है कि राजस्थान पैरा मेडिकल कौंसिल द्वारा प्रशिक्षण सत्र 2020–21 में विभिन्न डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में पैरामेडिकल कौंसिल से मान्यता प्राप्त राजकीय व निजी महाविद्यालयों/संस्थानों में तीन चरणों की क़ाउन्सलिंग के माध्यम से नियमानुसार पैरामेडिकल डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण हेतु अभ्यर्थी आवंटन किये गये थे, जिसके पश्चात् भी कुछ महाविद्यालय/संस्थानों में विभिन्न पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण हेतु सीटें रिक्त रह गई है, जिसकी सूची विभागीय वैबसाईट पर उपलब्ध कराई गई थी। माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर में द्वारा याचिका संख्या 16082/2021 सोसायटी ऑफ प्राईवेट पैरामेकिल इन्स्टीट्यूशन्स बनाम राज्य एवं अन्य में पारित आदेश दिनांक 09.12.2021 की पालना में रिक्त रही सीटों के लिए याचिकार्थी से संबंध महाविद्यालय/संस्थान एवं अन्य सभी महाविद्यालय/संस्थान, जिनमें सीटें रिक्त रह गई हो, अपने स्तर पर अभ्यर्थियों से ऑन–लाईन फार्म प्राप्त कर कोर्सवार मेरिट सूची कौंसिल को प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये थे।

इस क्रम में पुनः लेख है कि संस्थावार अभ्यर्थियों से ऑन लाईन आवेदन प्राप्त करने की **सार्वजनिक विज्ञप्ति की प्रति** तथा इस क्रम में दिनांक 03.01.2022 से 08.01.2022 तक ऑन–लाईन प्राप्त समस्त आवेदन पत्रों की **कोर्सवार सूची (A)** एवं मेरिट के अनुसार योग्य अभ्यर्थियों की **कोर्सवार सूची (B)** कौंसिल की ई–मेल rpmc.helpdesk@gmail.com पर दिनांक 11.01.2022 को सांय 06.00 बजे तक भिजवाना सुनिश्चित करें।

नोटः– सूची एक्सेल फॉर्मेट में भिजवावें।

(कैलाश नारायण मीना)
आर.ए.एस.
रजिस्ट्रार

क्रमांकः– प. 13 ( )/काउ.(सत्र 2020–21)/रा.पै.मेडि.कौं/2021/01 **दिनांकः**– 6/01/22

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित हैः–

1. अध्यक्ष, राजस्थान पैरा मेडिकल कौंसिल, जयपुर।
2. सत्र 2020–21 में पैरामेडिकल डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रशिक्षण हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों को सूचनार्थ।
3. सर्वररूम प्रभारी, राजस्थान पैरा मेडिकल कौंसिल, जयपुर को भेजकर लेख है कि आज ही वैबसाईट पर अपलोड करें।
4. रक्षित पत्रावली।

रजिस्ट्रार